उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार– 249404

संख्याः 98/04/E-3/DR(A.R.)/2022 दिनांक– 30 दिसम्बर, 2022

विज्ञप्ति

सहायक कुलसचिव परीक्षा–2022

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्याधीन विश्वविद्यालयों एवं संस्कृत शिक्षा विभाग में सहायक कुलसचिव के रिक्त पदों पर सहायक कुलसचिव परीक्षा–2022 के माध्यम से चयन हेतु प्रकाशित विज्ञापन सं0–A-4/E-3/A.R./2022 दिनांक 08.07.2022 के क्रम में मुख्य/लिखित परीक्षा (परम्परागत निबंध शैली) का आयोजन दिनांक **07 फरवरी, 2023 (मंगलवार)** एवं **08 फरवरी, 2023 (बुधवार)** को एकल परीक्षा केंद्र–परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार में कराया जायेगा। अभ्यर्थी प्रश्नगत परीक्षा के संबंध में प्रवेश पत्र **दिनांक 23 जनवरी, 2023 (सोमवार)** से आयोग की वेबसाइट www.psc.uk.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से प्रेषित नहीं किये जायेगें। प्रश्नगत परीक्षा के संबंध में विस्तृत विज्ञप्ति आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

-Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव